# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 05.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला,आज,हिंदुस्तान,परफेक्ट मिशन,न्यायाधीश,तरुण मित्र,जनसन्देश टाइम्स," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 05.11.2025

### परियोजनाओं का होगा ड्रोन सर्वे

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने मंगलवार को सीरगोवर्धन, रविदास पार्क और जोन-4 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी परियोजनाओं और योजनाओं का ड्रोन सर्वे कराने का निर्देश दिया। ताकि कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की सटीक निगरानी की जा सके। ब्यूरो

## आज –दि0 05.11.2025

### विप्रा उपाध्यक्ष ने सीरगोवर्धन का किया औचक निरीक्षण

विप्रा उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने सीरगोर्वधन स्थित रविंदास पार्क का औचक निरीक्षण करने के बाद आवश्यक निर्देश दिया। इन्होने प्लोरिंग पाथवे और संत गुरू रविदांस पर आधारित शिल्प स्थापना का निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यो को समय सीमा के अंदर सम्पन्न करें। कार्य में गुणवत्ता और निगरानी सुनिश्चत किया जाये। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मरम्मत कार्य हो भी देखने के बाद निर्देश दिया कि यूपीपीसीएल एवम् पर्यटन विभाग के साथ विभाग में शीघ्र बैठक की जाये। इसके अलावा रविंदास पार्क की मरम्मत, सुंदरीकरण कराने का निर्देश दिया, साथ ही निष्ठा एवमं पारदर्शी के साथ लगन पूर्वक कार्य करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया।

## हिन्दुस्तान –दि0 05.11.2025

# वीडीए में अनावश्यक लंबित न हों फाइलें

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कहा कि सभी फाइलों का निस्तारण समय से होना चाहिए। आमलोगों के शोषण की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मंगलवार को वीडीए मुख्यालय में बैठक में जोनल अधिकारियों समेत अधिकारियों, कर्मचारियों को यह निर्देश दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने सभी जोनों की पिछले सात माह की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली।

## न्यायाधीश –दि0 05.11.2025

# वाविप्रा उपाध्यक्ष ने किया रविदास पार्क व जोन 4 कार्यालय का औचक निरीक्षण



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा 04/11/2025 को सीर गोवर्धन, रविदास पार्क एवं जोन-4 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा रविदास पार्क में संचालित विभिनन कार्यों - फ्लोरिंग पाथवे, संत गुरु रविदास पर आधारित शिल्प स्थापना तथा किड्स प्ले एरिया के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किया जाए। उपाध्यक्ष द्वारा सभी संचालित परियोजनाओं/योजनाओं का ड्रोन सर्वे कराए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया, जिससे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की सटीक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त सीर गोवर्धन क्षेत्र में UPPCL एवं पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मरम्मत कार्यों के बेहतर समन्वय हेतु उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दोनों विभागों को प्राधिकरण कार्यालय में आमंत्रित कर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए, जिससे कार्यों को अधिक सुगमता एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जा सके। उपाध्यक्ष ने रविदास पार्क स्थित जोन-4 कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा कार्यालय की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी


राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश—दि0 05.11.2025

## सभी फाइलों का निस्तारण समय से हो, जनता का किसी भी प्रकार से शोषण नहीं होना चाहिए –पुर्ण बोरा

वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा प्राधिकरण अंतर्गत सभी 05 जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता एवं क्षेत्रीय कार्मिक/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सभी जोनों की पिछले सात माह की प्रगति रिपोर्ट का विस्तृत परीक्षण किया गया, जिसमें लंबित प्रकरणों की संख्या, स्वीकृत मानचित्रों की स्थिति एवं लंबित नोटिसों के सम्बन्ध में समीक्षा की गई।उपाध्यक्ष द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं होना चाहिए।सभी फाइलों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए। किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। कार्य प्रणाली में तेजी एवं पारदर्शिता लाई जाए।उपाध्यक्ष द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक बृहस्पतिवार को 'मानचित्र समाधान दिवस के अंतर्गत सभी जोनों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जोन द्वारा 20-20 फाइलें शॉर्टलिस्ट कर समाधान हेतु प्रस्तुत की जाएँगी, जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। यदि किसी आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो, तो संबंधित अधिकारी स्वयं उनसे संपर्क कर समाधान सुनिश्चित करें, किसी भी स्थिति में कोई कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए।बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सभी जोनल अधिकारी, अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

न्यायाधीश –दि0 05.11.2025

## प्राधिकरण परिसर में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जाँच हेतु प्रयोगशाला स्थापित की जाए : उपाध्यक्ष वाविप्रा

उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा की गई निर्माण कार्यों की समीक्षा



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा श्री पुर्ण बोरा द्वारा निर्माण अनुभाग के साथ समीक्षा बैठक की गई।बैठक में प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिनन विकास कार्यों जैसे – ट्रांसपोर्ट नगर योजना, आधुनिक सुविधायुक्त नवीन जिला पुस्तकालय का निर्माण, डी.आई.जी. कॉलोनी आवास निर्माण परियोजना, ठठरा एवं छितौनी मॉडल कम्युनिटी हॉल, उंदी ताल पुनर्जीवन परियोजना, 75 पार्कों के उच्चीकरण का कार्य, तथा शिवपुर स्थित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्निर्माण आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।उपाध्यक्ष द्वारा निमन निर्देश दिए गए निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाले सभी मटेरियल की गुणवत्ता सर्वोच्च स्तर की होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। प्रत्येक संचालित कार्य का दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उक्त सभी कार्यों में गति लाने के लिए आवश्यक कद[illegible] जाएँ। उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रा[illegible] परिसर में निर्माण सामग्री का गुणवत्ता की जाँच हेतु एक प्रयोगशाला (लैब) स्थापित की जाए, जिससे प्राधिकरण द्वारा संचालित सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। कहा कि सभी गतिमान कार्यों का स्थलीय निरीक्षण स्वयं उनके द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे।बैठक में अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन –दि0 05.11.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने निर्माण कार्यों की समीक्षा कर दिया निर्देश

❑ गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : पूर्ण बोरा

परफेक्ट मिशन



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने मंगलवार को निर्माण अनुभाग के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों जैसे ट्रांसपोर्ट नगर योजना, आधुनिक सुविधायुक्त नवीन जिला पुस्तकालय का निर्माण, डी.आई.जी. कॉलोनी आवास निर्माण परियोजना, ठठरा एवं छितौनी मॉडल कम्युनिटी हॉल, उंदी ताल पुनर्जीवन परियोजना, 75 पार्कों के उच्चीकरण का कार्य, तथा शिवपुर स्थित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्निर्माण आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपाध्यक्ष द्वारा विभिन्न कार्यों के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए, जिसमें निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाले सभी मटेरियल की गुणवत्ता सर्वोच्च स्तर की होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। प्रत्येक संचालित कार्य का दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उक्त सभी कार्यों में गति लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ। उपाध्यक्ष द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण परिसर में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जाँच हेतु एक प्रयोगशाला (लैब) स्थापित की जाए, जिससे प्राधिकरण द्वारा संचालित सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी गतिमान कार्यों का स्थलीय निरीक्षण स्वयं उनके द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे।बैठक में अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सभी फाइलों का निस्तारण समय से हो, जनता का किसी भी प्रकार से शोषण नहीं होना चाहिए : उपाध्यक्ष

**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने मंगलवार को प्राधिकरण अंतर्गत सभी 05 जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता एवं क्षेत्रीय कार्मिक/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा सभी जोनों की पिछले सात माह की प्रगति रिपोर्ट का विस्तृत परीक्षण किया गया, जिसमें लंबित प्रकरणों की संख्या, स्वीकृत मानचित्रों की स्थिति एवं लंबित नोटिसों के सम्बन्ध में समीक्षा की गई।इस दौरान उपाध्यक्ष स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। सभी फाइलों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए।

किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।कार्य प्रणाली में तेजी एवं पारदर्शिता लाई जाए।उपाध्यक्ष ने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस के अंतर्गत सभी जोनों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जोन द्वारा 20-20 फाइलें शॉर्टलिस्ट कर समाधान हेतु प्रस्तुत की जाएँगी, जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। यदि किसी आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो, तो संबंधित अधिकारी स्वयं उनसे संपर्क कर समाधान सुनिश्चित करें, किसी भी स्थिति में कोई कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए।बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सभी जोनल अधिकारी, अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 05.11.2025

# रविदास पार्क में संचालित कार्यों का होगा ड्रोन से सर्वे

## वीडीए उपाध्यक्ष ने किया कार्यालय का निरीक्षण, योजना की देखी प्रगति

[redacted]

तैयारी

### कार्यों की प्रगति और गुणवक्ता की होगी मॉनीटरिंग



**वाराणसी।** रविदास पार्क में संचालित कार्यों का जहां ड्रोन से सर्वे होगा,वहीं कार्यों की प्रगति और गुणवक्ता की मानीटरिंग भी होगी। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने मंगलवार को जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और योजना की प्रगति देखा। इस दौरान उन्होंने सीर गोवर्धन क्षेत्र और रविदास पार्क का भी अवलोकन किया। जहां रविदास पार्क में संचालित ईपीडीएम फ्लोरिंग पाथवे और संत गुरु रविदास पर आधारित शिल्प स्थापना की जानकारी की और किड्स प्ले एरिया के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। वीडीए उपाध्यक्ष ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की तथा संबंधित अधिकारियों से कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किया जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संचालित परियोजनाओं/ योजनाओं का ड्रोन से सर्वे कराए जाने के साथ ही कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की सटीक मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त सीर गोवर्धन क्षेत्र में यूपीपीसीएल एवं पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मरम्मत कार्यों के बेहतर समन्वय बनाने हेतु दोनों विभागों को प्राधिकरण कार्यालय में बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। जिससे कार्यों को अधिक सुगमता एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जा सके। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने रविदास पार्क स्थित जोन-4 कार्यालय का भी निरीक्षण किया और वहां की कार्यशैली की जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय के मरम्मत एवं सुंदरीकरण कराए जाने के साथ ही उपस्थित कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

### आर्किटेक्ट्स की समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण

**वाराणसी।** आर्किटेक्ट्स की समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा। इसके लिए वीडीए उपाध्यक्ष ने मंगलवार को आर्किटेक्ट्स के संग बैठक की,वहीं पारदर्शी एवं त्वरित कार्यप्रणाली पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित आर्किटेक्ट्स का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित व्यक्ति उपाध्यक्ष कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे के मध्य आकर मिल सकते हैं।

[redacted]

तरूण मित्र –दि0 05.11.2025

# वीडीए वीसी पुर्ण बोरा ने सीर गोवर्धन, रविदास पार्क एवं जोन-4 कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा सीर गोवर्धन, रविदास पार्क एवं जोन-4 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।स दौरान सचिव डॉ वेद प्रकाश भी मौजूद रहे।इस दौरान उपाध्यक्ष द्वारा रविदास पार्क में संचालित विभिन्न कार्यों EPDM फ्लोरिंग पाथवे, संत गुरु रविदास पर आधारित शिल्प स्थापना (Sculpture Installation) तथा किड्स प्ले एरिया के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किया जाए।



वीडीए वीसी पुर्ण बोरा औचक निरीक्षण के दौरान। सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा भी रहे मौजूद

वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा सभी संचालित परियोजनाओं/योजनाओं का ड्रोन सर्वे कराए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया, जिससे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की सटीक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके।इसके अतिरिक्त सीर गोवर्धन क्षेत्र में UPPC रु एवं पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मरम्मत कार्यों के बेहतर समन्वय के लिए उपाध्यक्ष द्वारा दोनों विभागों को प्राधिकरण कार्यालय में आमंत्रित कर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए, जिससे कार्यों को अधिक सुगमता एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जा सके।उपाध्यक्ष ने रविदास पार्क स्थित जोन-4 कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा कार्यालय की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।